क्रिकेट

3 जून को प्रीमियर गाला नाइट में होगा फिक्स्चर अनावरण

# ग्लैमर और रोमांच का संगम बनेगा डब्ल्यूपीएल सीजन-5




**नवभारत जबलपुर।** वियाना स्पोर्ट्स एरीना द्वारा आयोजित महिला प्रीमियर लीग सीजन-5 स्पर्धा में ग्लैमर ,मनोरंजन के साथ सामाजिक सरोकारों का अनूठ संगम देखने मिलेगा। 3 जून से आयोजित होने वाली भव्य प्रीमियर गाला नाइट एवं फिक्स्चर रिवीलिंग सेरेमनी के साथ टूर्नामेंट का औपचारिक आगाज होगा। इस अवसर पर जहां सीजन-5 के दौरान होने वाले मुकाबलों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। वहीं पर्यावरण संरक्षण और दर्शकों की सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए की जा रहीं रोमांचक विशेष पहलों के बारे में भी बताया जाएगा। प्रतियोगिता शाम 6 से 8 बजे तक आयोजित होगी । आयोजकों के अनुसार डब्ल्यूपीएल सीजन-5 की सभी टीमों के खिलाड़ियों के लिए रविवार को आदर्श नगर स्थित एम एम मेट्रिक्स में प्री-मैच फिटनेस एवं फन आउटिंग का आयोजन किया गया है।

आयोजक तेजस प्रियांश गुप्ता ने बताया कि शाम 6 बजे से 8 बजे तक आयोजित होने वाले समारोह में डीजे पार्टी, स्नैक्स, फन गेम्स और आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। 'पार्टी वियर' थीम पर आधारित यह कार्यक्रम खिलाड़ियों और टीम प्रबंधन को एक-दूसरे से परिचित होने तथा आगामी मुकाबलों के लिए उत्साह बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगा।

हर डॉट बॉल पर लगेगा एक पौधा डब्ल्यूपीएल सीजन-5 की सबसे खास पहल इसे 'ईको-फ्रेंडली लीग' के रूप में स्थापित करना है। आयोजन समिति ने संकल्प लिया है कि प्रतियोगिता के दौरान फेंकी जाने वाली प्रत्येक डॉट बॉल के बदले एक पौधा लगाया जाएगा। लीग का शुभारंभ भी पौधरोपण समारोह के साथ किया जाएगा। 'एवरी डॉट बॉल इंटू अ प्लांट' की अवधारणा के माध्यम से खिलाड़ियों और दर्शकों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।

### दर्शकों के लिए लकी ड्रॉ का आकर्षण

आयोजको ने बताया कि इस बार टूर्नामेंट में दर्शकों के लिए विशेष लकी ड्रॉ योजना भी शुरू की गई है। प्रतियोगिता देखने आने वाले परिवार, मित्र और रिश्तेदार आकर्षक पुरस्कार जीत सकेंगे। आयोजन समिति द्वारा चुने गए भाग्यशाली विजेताओं को विभिन्न उपहार प्रदान किए जाएंगे। ज़ाहिर है की स्पर्धा के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने में किसी भी आयोजन की सबसे बड़ी ताकत दर्शक होते हैं । इसी उद्देश्य से आयोजकों ने क्रिकेट मुकाबलों के साथ मनोरंजन और रोमांच को भी जोड़ा है, ताकि प्रतिभागियों के साथ-साथ दर्शकों को भी यादगार और रोमांचक अनुभव के साथ पुरुस्कार जीतने का सुनहरा अवसर मिल सकेगा। गौरतलब है कि महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संस्कारधानी में आयोजित होने जा रही महिला प्रीमियर लीग लगातार लोकप्रियता हासिल कर रही है। ऐसे में सीजन-5 का यह बहुआयामी आयोजन खिलाड़ियों, टीमों और खेल प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है।

### इनका रहेगा विशेष सहयोग

आयोजन को सफल और यादगार बनाने में एम एम मेट्रिक्स, मम्मी-पापा गारमेंट्स, एमके ज्वेलर्स एवं जे केएल ज्वेलर्स का विशेष सहयोग रहेगा।

### रोमांचक पल का साक्षी बनेगा नवभारत और सेंट्रल क्रॉनिकल

नवभारत Central Chronicle

महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने संस्कारधानी में आयोजित होने जा रहे महिला क्रिकेट प्रीमियर लीग मैच के दौरान मैदान पर होने वाले रोमांचक पलों और जीत-हार की कहानियों, खिलाड़ियों के जज़्बे और दर्शकों के उत्साह को अपनी लेखनी के माध्यम से शब्दों में पिरोकर अखबार के पन्नों पर जीवंत रूप से उकेरेगा। खेल, संघर्ष और गौरव के इन अविस्मरणीय क्षणों को पाठकों तक पहुंचाने का दायित्व नवभारत और सेन्ट्रल क्रोनिकल पूरी गंभीरता और गरिमा के साथ निभाएंगे।



# स्टाइल बॉयज और एमएमके की जीत

स्वर्गीय आरएस त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता



**नवभारत,जबलपुर।** सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के तत्वाधान में खेली जा रही स्वर्गीय आर. एस. त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए दो रोमांचक मुकाबलों में स्टाइल बॉयज ने सिद्ध बाबा को और एमएमके हम्माद ने नर्मदा बॉयज को हराकर शानदार जीत दर्ज की, जिसके चलते स्टाइल बॉयज और एमएमके ने प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई। इन दोनों कड़े मुकाबलों में विजेता टीमों ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन दिखाया। मैदान पर दर्शकों को दोनों मैचों के दौरान खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली।

पहले मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्टाइल बॉयज ने निर्धारित 10 ओवरों में 84 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया, जिसमें अतुल ताम्रकार ने 24 गेंदों पर 38 रनों की तेज पारी खेली।

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिद्ध बाबा की टीम निर्धारित ओवरों में संभल नहीं सकी और 9.4 ओवरों में महज 63 रनों पर ही ढेर हो गई। इस तरह स्टाइल बॉयज ने 21 रनों से मैच अपने नाम किया, जहाँ अतुल ताम्रकार को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नर्मदा बॉयज एमएमके की घातक गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सकी और 8.4 ओवरों में सिर्फ 42 रनों पर सिमट गई। एमएमके के गेंदबाज उजेफा ने शानदार स्पेल डालते हुए महज 1.4 ओवरों में केवल 4 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी एमएमके ने आक्रामक रुख अपनाते हुए महज 5.3 ओवरों में 46 रन बनाकर 8 विकेट से एकतरफा जीत दर्ज की। शानदार गेंदबाजी करने वाले उजेफा को इस मैच का मैन ऑफ द मैच चुना गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में आयुध निर्माणी खमरिया के महाप्रबंधक अशोक मीणा, सुरक्षा कर्मचारी यूनियन के आनंद शर्मा एवं राकेश रंजन उपस्थित रहे। मैचों में अंपायर की भूमिका भूपेंद्र गोंटिया, विद्यापति श्रीवास्तव एवं कमलेश तिवारी ने निभाई, जबकि कमेंटेटर के रूप में सुनील खत्री एवं ठाकुर गजेंद्र पाल सिंह रहे।

# समर बॉक्सिंग फाइट में यादव इलेवन चैंपियन बनी

होनहार खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक



**नवभारत, जबलपुर।** शनिवार को समर बॉक्सिंग फाइट के दूसरे दिन फाइनल मुकाबले खेले गए, जिसमें 11 स्वर्ण पदक जीतकर यादव इलेवन ने चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं इम्पैक्ट प्लेयर की टीम 7 स्वर्ण, 4 रजत और 3 कांस्य पदक जीतकर उपविजेता रही। जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे के मार्गदर्शन में आयोजित इस समर बॉक्सिंग फाइट में 8 वर्ष से अधिक उम्र के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष प्रशांत मिश्रा (महाकौशल क्रीड़ा), कुलदीप बरार (अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक) और विशेष अतिथि के रूप में गौरव सोंधिया (अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी) व भूषण राव (राष्ट्रीय खिलाड़ी) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत परमजीत सिंह, नुपुर पांडे (खेलो इंडिया स्माइल प्रशिक्षक) और अरुण विश्वकर्मा ने माला पहनाकर व गुलदस्ता देकर किया।

### विजेता खिलाड़ी और पदक विजेता

खिलाड़ियों को मेडल प्रशांत मिश्रा, कुलदीप बरार, गौरव सोंधिया और भूषण राव द्वारा पहनाए गए। बालक कैडेट वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता आदर्श बिरहा, शौर्य झारिया, अर्णव, अनध पांडे, शौर्या सोनी और तनिष्क रहे, जबकि देवा सोनकर, शाश्वत क्षत्रिय, सूर्यांश, मुहीब, अयांश शर्मा और देवांश गुप्ता ने रजत पदक तथा वंश विश्वकर्मा, आख सोनकर, इजान खान, टीटू पांडे, तरुश और अंशुल दत्ता ने कांस्य पदक जीता। सब जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जसकीरत सिंह, हनी राठौड़, ऐश्वर्य राय सेठा, रेहान चौधरी और अंश दुबे ने जीता, रजत पदक यशवर्धन, यूसुफ पठान, वर्धन सोनकर, शुभराज सेठा और जियाउल खान ने तथा कांस्य पदक वेदार्स बर्मन, यशवंत वस्थान, प्रिंस समीत और मोहम्मद अयान ने जीता। जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक हितेश, लकी, वीर सोनकर, अवीर बिरहा, गुरम, दैविक ननोरिया और आदित्य बघेल ने जीता, रजत पदक देव नामदेव, हिसाम, शुभ विश्वकर्मा, वीरराज सिंह, अरकान और राघव ने तथा कांस्य पदक यश पासी, यश, आभार अहिरवार, वेदांश, राजा, तनिष्क विश्वकर्मा और आयुष जाट ने जीता। युवा वर्ग में स्वर्ण पदक वैभव पासी, ताबिश खान, अरितण तुलसानी और निखिल चौधरी ने जीता, रजत पदक अर्श खान, सम्राट सिंह, अर्पित श्रीवास्तव और ध्रुव गोंदिया ने तथा कांस्य पदक अनुज सोनकर, यश रजक और राजेंद्र सोनी ने जीता। सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक सक्षम, प्रशांत सिंह, जय डहरिया और अखिल सोनी ने जीता, रजत पदक तनिष्क सिंह, आशुतोष तिवारी, निशेष और पृथ्वी राजपूत ने तथा कांस्य पदक प्रयाग, यश और निखिल ने जीता। बालिका वर्ग में दिया, साक्षी शर्मा, देशवेश्वरी, अनुध्या रेकवार, खुशी चौधरी, किरण, मार्या और भूमि केवट ने स्वर्ण पदक तथा तनुश्री नागरा, वीरा सोनकर, नंदिनी केवट, आराधना, भवानी केवट, मुस्कान खान, यश्वी यादव, नीलम और गीताली रेकवार ने रजत पदक जीता।

### विशेष पुरस्कार और निर्णायक मंडल

प्रतियोगिता के विशेष पुरस्कारों में बालक कैडेट वर्ग से बेस्ट बॉक्सर शौर्य झारिया और बेस्ट प्रॉमिसिंग बॉक्सर शाश्वत क्षत्रिय चुने गए। बालिका सब जूनियर वर्ग में बेस्ट बॉक्सर शौर्या सोनी और बेस्ट प्रॉमिसिंग बॉक्सर दीना केवट रहीं। इसके अलावा बेस्ट टूर्नामेंट बॉक्सर का खिताब वीर सोनकर और बेस्ट टूर्नामेंट प्रॉमिसिंग बॉक्सर की ट्रॉफी देव नामदेव को प्रदान की गई। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने और निर्णायक की भूमिका निभाने में लक्षिता शर्मा, प्रशांत कुशवाहा, सिमरन तामिया, विजय बर्मन, अभय, रुद्राक्ष गुप्ता, शांतनु पांडे और जुगनू उस्मानी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में परमजीत सिंह ने सभी अतिथियों, प्रेस मीडिया और नगर के खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।



# ट्रैफिक पुलिस ने ट्रक जब्त कर खनिज विभाग को सौंपा मामला

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में यातायात नियमों के पालन एवं अवैध खनिज परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत यातायात पुलिस ने कोयला परिवहन कर रहे एक ट्रक को जब्त कर खनिज विभाग को सौंप दिया। मामले में खनिज परिवहन में अनियमितता की आशंका जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान वाहन क्रमांक सीजी 10 एएम 8111 को जांच के लिए रोका गया। उक्त ट्रक अनूपपुर से छत्तीसगढ़ की ओर कोयला लेकर जा रहा था। जांच के दौरान पुलिस ने चालक से वाहन एवं खनिज परिवहन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा, लेकिन चालक मौके पर पर्याप्त एवं संतोषजनक दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका। इसके बाद प्रथम दृष्टया खनिज परिवहन में अनियमितता की आशंका को देखते हुए पुलिस ने वाहन को विधिवत जब्त कर लिया। पुलिस ने मामले की अग्रिम जांच एवं आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए प्रकरण खनिज विभाग को भेज दिया है।

# शराब दुकान के खिलाफ कार्रवाई की मांग, कलेक्टर से शिकायत

**चिल्हारी।** उमरिया मानपुर जनपद में शराब बिक्री को लेकर एक बार फिर बड़ा विवाद सामने आया है। जिले के अंतर्गत मानपुर इन्दवार कंपोजिट शराब दुकान द्वारा गांव-गांव अवैध रूप से पैकारी कराए जाने तथा निर्धारित मूल्य से अधिक दामों पर शराब बेचे जाने के आरोपों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के कई गांवों में खुलेआम शराब की पैकारी करवाई जा रही है, जिससे ग्रामीण वातावरण प्रभावित हो रहा है। आरोप है कि दुकान संचालकों द्वारा नियमों को ताक पर रखकर गांवों में एजेंटों के माध्यम से शराब पहुंचाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को मौखिक रूप से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र के लोगों ने कलेक्टर राखी सहाय को शिकायत पत्र सौंपकर तत्काल जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि यदि समय रहते अवैध पैकारी और ओवररेट बिक्री पर रोक नहीं लगाई गई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि शराब दुकानों की बिक्री व्यवस्था की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

# दिन में सन्नाटा, रात में धड़ल्ले से पाताल चीर रहीं अवैध बोरिंग मशीनें

**नवभारत, उमरिया।** सूरज आग उगल रहा है, कंठ सूख रहे हैं और जिले का भूजल स्तर रसातल की ओर बढ़ रहा है। गांव-गांव में हैंडपंप हांफ चुके हैं और कुएं सिर्फ धूल फांक रहे हैं। बूंद-बूंद पानी के लिए तरसती जनता के बीच हमारी संवेदनशील कलेक्टर ने एक बेहद सख्त और ऐतिहासिक फरमान जारी किया था, बिना अनुमति बोरिंग की, तो खैर नहीं! सीधे जेल की हवा खाओगे।

आदेश इतना कड़क था कि कागज खुद थर-थर कांप रहा था। एसडीएम, तहसीलदार और पूरा राजस्व अमला इस आदेश को वॉट्सऐप पर शेयर करके अपनी पीठ थपथपाने में व्यस्त हो गया,



लेकिन जमीनी हकीकत इस कागजी आदेश का खुलेआम मखौल उड़ा रही है।

### नाईट शिफ्ट में चल रहा पाताल लोक का खेल

कलेक्टर का आदेश इतना असरदार साबित हुआ है कि उसने जिले में रोजगार का एक नया समय तय कर दिया है, दिन के उजाले में कानून का पालन करने का नाटक करने वाले बोरवेल ठेकेदार और रसूखदार लोग रात के अंधेरे में जिला प्रशासन की छाती पर मूंग दल रहे हैं। देर रात होते ही भारी-भरकम बोरिंग मशीनें सड़कों पर शान से दौड़ती हैं। जब पूरा जिला सो रहा होता है, तब ये मशीनें कानफाड़ू आवाज के साथ धरती का सीना चीरकर पानी चुराने में लग जाती हैं। सुबह साहब लोगों के दफ्तर खुलने और चाय की चुस्की लेने से पहले तो अवैध खनन का पूरा खेल खत्म हो जाता है। सबूत के तौर पर नौरोजाबाद के बड़ा छादा क्षेत्र से आई ताजा तस्वीरें गवाह हैं कि कैसे प्रशासन की नाक के नीचे रात भर पाताल को खोदा गया।

### आदेश केवल कागजों की शोभा बढ़ाने के लिए

यह बेहद हास्यास्पद और चिंताजनक है कि एक तरफ जनता पानी के टैंकरों के पीछे लाठियां चला रही है, वहीं दूसरी तरफ रसूखदार लोग बिना किसी अनुमति के भूजल को सोख रहे हैं। अगर यही हाल रहा, तो आने वाले दिनों में उमरिया रेगिस्तान बनने की राह पर अग्रसर है। कलेक्टर का आदेश जनहित में था, इसमें कोई दो राय नहीं है। लेकिन प्रशासनिक फौज सिर्फ दफ्तरों में बैठकर एसी की हवा खाने और फाइलों पर कार्रवाई की जाए लिखने में माहिर है। जब तक भ्रष्ट और लापरवाह मैदानी अमले को सस्पेंड लिया नहीं किया जाएगा, तब तक ये ठेकेदार आपके आदेशों की धज्जियां इसी तरह उड़ाते रहेंगे।

### जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद में

अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या उमरिया का प्रशासनिक अमला वाकई इतना मासूम है कि उसे रात भर चलने वाली इन भारी मशीनों की आवाज सुनाई नहीं देती या फिर मामला कुछ और है। जब आधी रात को ट्रैक्टर ट्रॉली निकलने पर पुलिस दौड़ा लेती है, तो इतनी विशालकाय मशीनें किसकी शह पर सड़कों से गुजरकर गांवों में तांडव मचा रही हैं, क्या साहब लोगों की सद्भावना के चलते विभागों ने अपनी आंख, कान और मुंह बंद कर लिए हैं?

हादसा

गंभीर घायलों से मिलने देर रात मेडिकल कॉलेज पहुंचे संभागायुक्त और कलेक्टर

# ट्रैक्टर-ट्रॉली हादसा : 6 श्रद्धालुओं की मौत, 41 घायल

**अनूपपुर, नवभारत।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम बिजौरा के पास शुक्रवार शाम श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली दुर्घटनाग्रस्त हो गई। तिवनी गांव के समीप पुलिया में ट्रॉली पलटने से हुए इस भीषण हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 41 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पड़मनिया के ग्रामीण पूजा-अर्चना के लिए ग्राम बिजौरा जा रहे थे। इसी दौरान तेज मोड़ पर ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पुलिया में पलट गई। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

### शहडोल में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली

इस दुर्घटना में ग्राम पड़मनिया निवासी 45 वर्षीय घनश्याम सिंह, 55 वर्षीय सहबल बैगा, 50 वर्षीय भूपत सिंह, 60 वर्षीय बीर सिंह, 40 वर्षीय कृष्णपाल सिंह एवं 15 वर्षीय धर्मपाल की मौत हो गई। बताया गया कि दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था, जबकि दो की मौत पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के दौरान हुई। वहीं दो अन्य घायलों ने मेडिकल कॉलेज शहडोल में



इलाज के दौरान अंतिम सांस ली।

### 22 का मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी

हादसे में घायल हुए 41 लोगों को तत्काल पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मरीजों को जिला चिकित्सालय उमरिया एवं मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया। वर्तमान में मेडिकल कॉलेज शहडोल में 22 घायलों का उपचार जारी है, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए

घटना की सूचना मिलते ही



शहडोल संभागायुक्त सुरभि गुप्ता एवं अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली देर रात मेडिकल कॉलेज शहडोल पहुंचे। अधिकारियों ने घायलों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा चिकित्सकों को घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश दिए। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से कहा कि इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी घायलों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। प्रशासन द्वारा लगातार स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

### मृतकों के परिजनों को 8-8 लाख रुपए की सहायता

राज्य शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा हादसे में मृतकों के परिजनों को 8-8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। इसमें मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 4 लाख रुपए तथा संबल योजना के तहत 4 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इस हृदयविदारक हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है और गांवों में मातम पसरा हुआ है।

**न्यायालय तहसीलदार,**
**तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**
**रा.प्र.क्र 3129/ अ-6/ 2025-2026**
**जबलपुर, दिनांक 30/01/2026**
**// आम इश्तहार //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती साधना ठाकुर व बगैरह पति स्व.श्री आदर्श कुमार ठाकुर निवासी-1385, जय नगर यादव कॉलोनी विवेकानंद के द्वारा मौजा प्लॉट हिनौतिया, प्लॉट नंबर 156, स्थित भूमि खसरा नंबर 13/2 एवं 14/2/2/1 में से रकवा 2400 वर्गफुट भूमि में से आवेदक के द्वारा विक्रेता से वसीयतनामा विक्रय पत्र दिनांक 04/07/2009 से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 01/06/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 30/01/2026**
**पेशी दिनांक 01/06/2026**

मुहर

तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर